जीवाजी विश्वविद्यालय, ग्वालियर

क्रः जीविवि/परीक्षा-2/गोप0/2023/723 दिनांक : 09.06.2023

प्रति,

समस्त केन्द्राध्यक्ष
सम्बद्ध महाविद्यालय,
जीवाजी विश्वविद्यालय, ग्वालियर

विषयः- बी.ए.,बी.एस-सी.,बी.कॉम.,बी.एस.-सी.(होम साइंस) प्रथम वर्ष (राष्ट्रीय शिक्षा नीति) मार्च/अप्रैल 2023 की परीक्षाओं के संबंध में दिशा निर्देश।

महोदय,

उपरोक्त विषयान्तर्गत लेख है कि आपके केन्द्र पर दिनांक 10.06.2023 से स्नातक प्रथम वर्ष (राष्ट्रीय शिक्षा नीति) की परीक्षा प्रारम्भ हो रही है। उपरोक्त परीक्षाओं में निम्न निर्देशों का पालन करना सुनिश्चित करें :-

1. परीक्षा हेतु नवीनतम डॉकेट (परीक्षा प्रारम्भ होने से 2 घण्टे पूर्व) का उपयोग करना सुनिश्चित किया जावे।
2. अण्डरटेकिंग के आधार पर किसी भी छात्र को परीक्षा में सम्मिलित न किया जावे।
3. ऑनलाईन दस्तावेजों में किसी भी प्रकार का हस्तलिखित संशोधन/नवीन जानकारी दर्ज न की जावे।
4. किसी भी छात्र के विषय से संबंधित कोई भी समस्या होने पर विश्वविद्यालय से मार्गदर्शन आवश्यक रूप से लिया जावे।
5. परीक्षा कक्ष में वीक्षक द्वारा मोबाईल फोन का उपयोग न किया जावे एवं आवश्यक होने पर ही वीक्षक मोबाईल फोन का उपयोग केन्द्राध्यक्ष की अनुमति के पश्चात् ही कर सकेगें।
6. समस्त वीक्षक परीक्षा कक्ष के अन्दर ही रहकर परीक्षा कार्य को सम्पन्न करायेगें। आवश्यक होने पर केन्द्राध्यक्ष की अनुमति के पश्चात् ही परीक्षा कक्ष से बाहर जा सकेगें।
7. परीक्षा प्रारम्भ होने से आधा घण्टा पूर्व समस्त वीक्षक परीक्षा कक्ष के अन्दर उपस्थित होगें एवं छात्रों को यथा स्थान बैठाने में सहयोग करेगें।
8. परीक्षा में नकल पर पूर्ण रूप से अंकुश लगाने का कार्य केन्द्राध्यक्ष द्वारा आवश्यक रूप से सुनिश्चित किया जावे।
9. छात्रों द्वारा मोबाईल फोन का उपयोग परीक्षा केन्द्र पर पूर्ण रूप से वर्जित रहेगा।

नोटः- परीक्षा समय-सारिणी में दिये गये दिशा-निर्देशों के साथ-साथ इन दिशा-निर्देशों का पूर्णतः पालन सुनिश्चित करें।

परीक्षा नियंत्रक